प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
22.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

प्रतियोगी परीक्षाओं

केंद्र ने प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार और अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए एक कड़ा कानून बनाया है। इसमें दोषियों को अधिकतम 10 साल की जेल की सजा और 1 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। आधिकारिक गजट में प्रकाशित एक अधिसूचना में कार्मिक मंत्रालय ने कहा कि कानून के प्रावधान आज से लागू हो जायेंगे। सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों की रोकथाम विधेयक, 2024 छह फरवरी को लोकसभा और 9 फरवरी को राज्यसभा से पारित कर दिया गया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 12 फरवरी को इस विधेयक को मंजूरी देकर इसे कानून में बदल दिया।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात के लिए जनता से सुझाव मांगे हैं। यह कार्यक्रम 30 जून को आकाशवाणी से प्रसारित किया जाएगा। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सुझाव मॉय गोव् ओपन फोरम, नमो एप या टोल फ्री नंबर 1945–11–7800 पर रिकार्ड संदेश के रूप में भेजे जा सकते हैं। मन की बात के इस अंक के लिए सुझाव इस महीने की 28 तारीख तक भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार कार्यभार संभालने के बाद मन की बात रेडियो कार्यक्रम का यह एक सौ ग्यारहवां अंक है।

जयंती

देशभर में आज संतगुरू कबीरदास जयंती मनाई जा रही है। कबीरदास न सिर्फ एक कवि और लेखक थे बल्कि समाज सुधारक भी थे। प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ पूर्णिमा को संत कबीरदास जयंती मनाई जाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कबीरदास जयंती पर देशवासियों को शत–शत नमन। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने न केवल सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार किया, अपितु दुनिया को मानवता और प्रेम का संदेश दिया। इस अवसर पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा कि संत कबीर की शिक्षाएं आज के दौर में भी प्रासंगिक हैं और उनके जीवन शैली व समाज के हर वर्ग के प्रति दयालुता का भाव हमारे लिए पथ–प्रदर्शक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि संत कबीर की कविताओं, दर्शन शास्त्र से भाईचारे और सामाजिक समरसता को प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने प्रदेशवासियों से संत कबीर की शिक्षाओं का अनुसरण कर समाज को बेहतर बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर देश सहित प्रदेश भर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए। इसके अतिरिक्त शिमला के गेयटी थियेटर में कवि दरबार का आयोजन भी किया जाएगा।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कल शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर आठवें राष्ट्रीय पुस्तक मेले का शुभारंभ किया। 30 जून तक चलने वाले इस पुस्तक मेले में देशभर के कई प्रकाशक हिस्सा ले रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि पाठकों और प्रकाशकों का अपना एक स्थान है। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल परिवेश में जहां पढ़ने की क्षमता दिन–प्रतिदिन कम होती जा रही है, ऐसे आयोजनों की महत्ता और अधिक बढ़ जाती। राज्यपाल ने युवा पीढ़ी का रुझान पुस्तकों में कम और मोबाइल में ज्यादा होने के सवाल पर कहा कि उन्हें मोबाइल से दूर रहने की सलाह तो नहीं दी जा सकती लेकिन इन्हीं पुस्तकों को वे मोबाइल में पढ़ सकते हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने शिमला में पुस्तक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विगत आठ वर्षों से मंच के प्रयासों की सराहना की।

नामांकन

प्रदेश में 3 विधानसभा क्षेत्रों में 10 जुलाई को होने वाले उप–चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के कल अंतिम दिन कुल 13 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन दाखिल किए। राज्य निर्वाचन विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि इन उप–चुनावों के लिए कुल 19 प्रत्याशियों ने अपने पर्चे भरे हैं। देहरा विधानसभा उपचुनाव के लिए 7, हमीरपुर में 4 जबकि नालागढ़ में 8 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरे हैं। प्रवक्ता ने कहा कि 24 जून को इन नामांकन पत्रों की जांच होगी जबकि 25 व 26 जून को इच्छुक प्रत्याशी अपने नाम वापिस ले सकेंगे। मतगणना 13 जुलाई को होगी।

सुर्खिया समाचार पत्रों से..............

आज अखबारों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण लिखता है–योग दिवस पर प्रदेश सरकार की उदासीनता पर राज्यपाल नाराज। दैनिक सवेरा टाइम्स ने सांसद अनुराग ठाकुर के हवाले से शीर्षक दिया है–योग है आरोग्य का द्वार, जीवन में संतुलन के लिए योग अपनाएं।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के ब्यान पर दैनिक जागरण लिखता है–आयोग्य घोषित हो सकते हैं भाजपा के नौ विधायक। अमर उजाला की सुर्खी है–देहरा से है पुश्तैनी नाता, मैं यहां का दामाद भी। जबकि पंजाब केसरी के शब्द है–सरकार बनाने के सपने छोड़ अपने 9 विधायकों की चिंता करें जयराम।

दैनिक भास्कर के मुताबिक–प्रदेश में निवेश करने के लिए 24 उद्यमियों ने उद्योग विभाग के पास किया आवेदन। इसी पत्र की एक अन्य ख़बर है–प्रदेश में तीसरे दिन भी सक्रिय रहा प्री मानसून पहाड़ों और मैदानों में हुई झमाझम बारिश। आपका फैसला का कहना है–शिमला–लाहौल घाटी में बारिश, रोहतांग में गिरे बर्फ के फाहे।

दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–जुब्बल में गिरी एचआरटीसी की बस चार की मौत, तीन घायल। हिमाचल दस्तक लिखता है–पहाड़ी से 100 मीटर नीचे दूसरी सड़क पर गिरी बस, ड्राइवर–कंडक्टर समेत 4 की मौत।

——————————